Notice is hereby given that the 31st Annual General Meeting (AGM) of the Members of Total Transport Systems Limited ("the Company") is scheduled to be held on Monday, September 07, 2026 at 3:00 P.M. (IST) through Video Conferencing (VC)/ Other Audio -Visual Means (OAVM) in compliance with all the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and the rules made thereunder, read with General Circulars No.14/2020 dated April 08, 2020, No.17/2020 dated April 13, 2020, No.20/2020 dated May 5, 2020, No. 02/2021 dated January 13, 2021, No. 21/2021 dated December 14, 2021, No. 02/2022 dated May 05, 2022 and No. 10/2022 dated December 28, 2022, No. 09/2023 dated September 09, 2023, No. 09/2024 September 19, 2024 and No. 03/2025 September 22, 2025 issued by the Ministry of Corporate Affairs (collectively referred to as 'MCA Circulars'), and Circular dated May 12, 2020 and January 15, 2021, May 13, 2022 and October 03, 2024 issued by the Securities and Exchange Board of India ('SEBI Circular'), to transact the Ordinary and Special businesses as set out in the Notice.

In compliance with the above circulars, electronic copies of the Notice of the AGM along with the Annual Report for the Financial Year 2025-2026 will be sent electronically to all the members whose email addresses are registered/available with the Company/Depository Participants.

**Dispatch of Notice and Annual Report via e-mail**

In compliance with the abovementioned laws and circulars, electronic copies of the Notice convening the 31st AGM along with the Integrated Annual Report for Financial Year ("FY") 2025-2026, will be dispatched within prescribed timelines by electronic mode only (e-mail) to all the Members and all other persons so entitled, whose e-mail addresses are registered with the Company or Bigshare Services Private Limited, the Registrar & Share Transfer Agent of the Company ("Bigshare") or the Depository Participants ("DP"). Additionally, the Notice of the AGM and the Integrated Annual Report for FY 2025-2026 will also be uploaded and made available on the website of the Company at https://ttspl.in/, the website of the Stock Exchanges i.e. National Stock Exchange of India Limited at https://www.nseindia.com and the website of the NSDL at https://www.evoting.nsdl.com. Physical copies of the Integrated Annual Report and the notice of the AGM will be provided to Members on request for the same at Bhavik.trivedi@mum.ttspl.in by mentioning their Folio No./DP ID and Client ID.

**Manner of Registering/Updating Email addresses -** Members holding shares in dematerialized mode, are requested to register their email addresses and mobile numbers with their relevant depositories through their depository participants.

Members who have not yet registered their email addresses are requested to follow the process mentioned below for registering their e-mail addresses to receive the Notice of the AGM and Annual Report electronically along with Login ID and password for remote e-Voting:

1. Visit the link https://www.bigshareonline.com/InvestorRegistration.aspx
2. Select the name of the Company **– Total Transport Systems Limited**
3. Enter Folio No. / DP / Client Id.
4. Enter PAN Number
5. Enter name of the Shareholder
6. Enter your Email ID and Mobile No.
7. Enter OTP
8. The system will then confirm the e-mail address for receiving the AGM Notice.
9. In case of any queries/difficulties in registering the e-mail address, such member may write to investor@bigshareonline.com

**For permanent registration of e-mail address, Members holding shares in demat form are requested to update the same with their Depository Participants ('DPs')**

**Manner of casting vote through e-voting -** Members will have an opportunity to cast their vote remotely on the businesses as set out in the Notice of AGM through an electronic voting system.

The log-in credentials for casting the votes through e-voting shall be made available to the members through e-mail after successfully registering their email addresses in the manner provided above.

The Company is pleased to provide remote e-Voting facility (remote e-Voting') of NSDL to all its Members to cast their votes on all resolutions set out in the Notice of the AGM. Additionally, the Company shall also provide the facility of e-Voting during the Meeting. Detailed procedure for remote e-Voting before the AGM / e-Voting during the AGM will be provided in the AGM Notice.

**For Total Transport Systems Limited**
Sd/-
**Bhavik Trivedi**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**Membership No.: A49807**

Place: Mumbai
Date : 12-08-2026

# राजस्व एवं भू-अर्जन कार्यों की समीक्षा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश



उत्कल मेल संवाददाता

**कोडरमा:** उपायुक्त के निर्देश पर अपर समाहर्ता संजय पीएम कूजूर की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण, नीलाम शाखा, राजस्व, आपदा प्रबंधन एवं भू-अर्जन कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के राजस्व संग्रहण की समीक्षा करते हुए अपर समाहर्ता ने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत राजस्व संग्रह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने दाखिल-खारिज, सुमोटो म्यूटेशन, डीसीएलआर म्यूटेशन, भूमि सीमांकन एवं परिशोधन समेत लंबित मामलों की समीक्षा कर बिना वैध कारण आवेदन खारिज नहीं करने और मामलों का शीघ्र निष्पादन करने को कहा। भू-अर्जन से जुड़े एनएचएआई, बरियारडीह-मरकच्चो, बगडो-महेशपुर चौक, तिलैया-बगडो-जयनगर, डोमचांच-पिपचो एवं बेको-माखमारगो पथ परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई। बैठक में एसडीओ निर्मल सोरेन, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अस्मिता सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा उपायों को मजबूत करने का निर्देश

**कोडरमा:** राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था को लेकर अपर समाहर्ता संजय पीएम कूजूर की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में दुर्घटना संभावित एवं संवेदनशील स्थलों पर सड़क सुरक्षा के आवश्यक उपाय करने का निर्देश दिया गया। एनएचएआई को चिन्हित स्थानों पर साइनेज बोर्ड, थर्मोप्लास्टिक रोड मार्किंग, रम्बल स्ट्रिप, कैट-आई एवं सोलर ब्लिंकर लगाने तथा एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम स्थापित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। भारी एवं व्यावसायिक वाहनों की अनियंत्रित पार्किंग रोकने, सर्विस रोड के आसपास जलजमाव का स्थायी समाधान करने तथा चंदवारा बाजार में सर्विस रोड निर्माण की बाधाओं को दूर करने पर भी चर्चा हुई। कोडरमा बाजार एवं झुमरीतिलैया में अतिक्रमण पर कार्रवाई कर यातायात सुचारु रखने का निर्देश दिया गया।

## समायोजन की मांग को लेकर कंप्यूटर ऑपरेटरों ने सौंपा ज्ञापन, अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी




उत्कल मेल संवाददाता

**डोमचांच:** झारखंड राज्य आजीविका कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के तत्वावधान में मंगलवार को कोडरमा जिले के आजीविका कंप्यूटर ऑपरेटरों ने अपनी मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय एवं जेएसएलपीएस जिला कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। संघ ने मानव संसाधन नियमावली के लेवल-7 में शामिल करने, स्थायी समायोजन होने तक ?40,900 मानदेय देने सहित अन्य मांगें रखी हैं। संघ के प्रतिनिधियों का कहना है कि पूर्व में मुख्यमंत्री सचिवालय एवं संबंधित विभागों की ओर से आश्वासन मिलने के बावजूद अब तक मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। संघ ने चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा करते हुए बताया कि इसके पहले 11 अगस्त को काला बिल्ला लगाकर विरोध दर्ज किया गया, राज्यभर के कंप्यूटर ऑपरेटर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। वहीं, 17 अगस्त को रांची के धुर्वा स्थित जेएसएलपीएस राज्य कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।संघ ने चेतावनी दी कि मांगों पर जल्द वार्ता कर समाधान नहीं निकाला गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ एवं महासंघ के जिला पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।

## भाजपा युवा नेता ने वाहन के नीचे आया डेढ़ साल मासूम बच्चा हुई मौत

**मरकच्चो (कोडरमा):** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केतरुसिंगा में एक चार पहिया वाहन के चपेट में आने से एक डेढ़ साल मासूम बच्चे की जान चली गई। उक्त बच्चे की पहचान रंजीत यादव का डेढ़ वर्षीय पुत्र ऋषभ यादव के रूप में हुई। मिली जानकारी अनुसार मृतक ऋषभ अपने घर के पास ही खेल रहा था। इसी दौरान गांव के ही भाजपा युवा नेता अर्जुन यादव अपने चार पहिया नेक्सोन वाहन जेएच 04 एक्स 4244 को अपने घर से लेकर निकला और वाहन को पीछे करने लगे। गाड़ी पीछे करने के दौरान गाड़ी खेल रहे ऋषभ के माथा पर चढ़ गया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। वही बच्चे को घायल देख अर्जुन यादव ने आनन फानन में बच्चा को लेकर कोडरमा सदर अस्पताल ले गया। जहां उपस्थित डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर मरकच्चो थाना पुलिस एसआई गोविंद सिंह एवं एएसआई प्रमोद कुमार अपने दल बल के साथ पहुंचे लेकिन ग्रामीणों के द्वारा बच्चे का शव को पुलिस को नहीं ले जाने दिए। वही खबर लिखे जाने तक बच्चा का शव पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा गया है। वही इस घटना की जानकारी देते हुए मृतक की नानी ने बताया कि हमने अर्जुन यादव को आवाज लगाई लेकिन गाड़ी का शीशा लॉक होने के वजह से उसने नहीं सुना मेरे नाती के ऊपर गाड़ी चढ़ा दिया।

## लापता स्कूली छात्र-छात्रा धनबाद से बरामद, प्रेम प्रसंग में घर से निकले थे

**कोडरमा:** चंदवारा प्रखंड के तिलैया डैम ओपी क्षेत्र के एक निजी विद्यालय से लापता हुए छात्र और छात्रा को पुलिस ने धनबाद रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया। दोनों के लापता होने के बाद परिजनों ने अलग-अलग आवेदन देकर पुलिस से बरामदगी की गुहार लगाई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी कुमार शिवाशीष के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने तकनीकी जानकारी और अन्य माध्यमों से तलाश करते हुए मंगलवार देर रात दोनों को धनबाद से बरामद कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों का किसी ने अपहरण नहीं किया था, बल्कि वे अपनी मर्जी से घर से निकले थे। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। दोनों विगत सोमवार को स्कूल गए थे, लेकिन छुट्टी के बाद घर नहीं लौटे। इसके बाद परिजनों ने अपने स्तर से तलाश की और देर रात तिलैया डैम ओपी में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने स्कूल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ शिक्षकों और सहपाठियों से पूछताछ की तथा विभिन्न स्थानों पर टीम भेजकर तलाश शुरू की थी।

## प्रशिक्षण पूरा करने के बाद अब ज्योति भारतीय वायु सेना में राष्ट्रसेवा के लिए तैयार

उत्कल मेल संवाददाता

**डोमचांच:** संत पॉल पब्लिक स्कूल डोमचांच की पूर्व छात्रा ज्योति खटिक ने भारतीय वायु सेना में चयन के बाद आठ माह का कठिन एवं अनुशासित प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर विद्यालय, परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद अब ज्योति भारतीय वायु सेना में राष्ट्रसेवा के लिए तैयार हैं। ज्योति ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा संत पॉल पब्लिक स्कूल डोमचांच से, इंटरमीडिएट इंटर कॉलेज डोमचांच से तथा स्नातक की पढ़ाई संत कोलंबस कॉलेज, हजारीबाग से पूरी की। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने शारीरिक दक्षता, सैन्य अनुशासन, मानसिक मजबूती, टीम भावना और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का प्रशिक्षण हासिल किया।ज्योति की सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार गुप्ता एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रसन्नता जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि पूर्व छात्रा का भारतीय वायु सेना में चयन



होना पूरे विद्यालय परिवार और जिले के लिए गर्व की बात है। उनकी उपलब्धि वर्तमान विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है।ज्योति के माता-पिता सविता देवी एवं कृष्णा खटिक सहित परिवार में खुशी का माहौल है। ज्योति ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों, प्रशिक्षकों और शुभचिंतकों के मार्गदर्शन एवं सहयोग को दिया। उनकी उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं और विशेषकर छात्राओं में भी उत्साह है। विद्यालय परिवार ने ज्योति के उज्ज्वल भविष्य और गौरवपूर्ण राष्ट्रसेवा के लिए शुभकामनाएं दीं।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**कोडरमा:** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के तत्वावधान में बुधवार को गड़गी, तेतरान एवं मधवाटांड़ पंचायत भवन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि देश के युवा सशक्त होंगे तो भारत भी सशक्त होगा। उन्होंने युवाओं को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव और इससे संबंधित कानूनों की जानकारी देते हुए कहा कि नशे के कारण अपराध, घरेलू हिंसा, सड़क दुर्घटना और आर्थिक परेशानी बढ़ती है। युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति उनके भविष्य और करियर के लिए गंभीर चिंता का विषय है। अधिवक्ता राजेंद्र मंडल ने आईटी एक्ट से संबंधित जानकारी दी, जबकि अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा ने विभिन्न कानूनों और युवाओं को सशक्त बनाने के उपायों पर प्रकाश डाला। मौके पर अधिवक्ता ललन चौधरी, गड़गी पंचायत की मुखिया, पीएलवी के अलावा बड़ी संख्या में महिला-पुरुष ग्रामीण उपस्थित थे।

## जेजे कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना व तालाबंदी जारी

उत्कल मेल संवाददाता

**कोडरमा:** जेजे कॉलेज समेत जिले के डिग्री कॉलेजों को गिरिडीह विश्वविद्यालय से जोड़ने के फैसले के विरोध में जेजे कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना व तालाबंदी जारी है। मुख्य गेट पर तालाबंदी के कारण शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य ठप रहे।

धरना के समर्थन में पूर्व छात्र नेता संजय पासवान ने कहा कि सरकार छात्रों के आंदोलन को हल्के में न ले। कॉलेजों को गिरिडीह से जोड़ना छात्र विरोधी और अव्यावहारिक निर्णय है, जिसे सरकार को तत्काल वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रों के आंदोलन को मजबूत करने के लिए राजनीतिक भावना से ऊपर उठकर कोडरमा के स्वाभिमान की रक्षा के लिए सभी लोगों को आगे आना होगा। किसान-मजदूर नेता असीम सरकार ने कहा कि बिना भौतिक निरीक्षण के विश्वविद्यालय बदलने का निर्णय छात्रों के लिए परेशानी बढ़ाएगा। कोडरमा से



गिरिडीह आने-जाने में छात्रों का समय और खर्च दोनों बढ़ेंगे, जिसका सबसे अधिक असर गरीब छात्रों पर पड़ेगा। धरना को जेजे कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति के राम रतन अवध्या, सईद नसीम, तौफीक हुसैन, विजय यादव और रवि पासवान ने भी संबोधित किया। उन्होंने सरकार और जनप्रतिनिधियों से राजनीति से ऊपर उठकर जेजे कॉलेज को बचाने की पहल करने की मांग की। समिति के अध्यक्ष महेश भारती एवं सचिव देवेंद्र कुमार ने बताया कि तीन दिनों से शांतिपूर्ण आंदोलन जारी है, लेकिन प्रशासन व सरकार की ओर से अब तक कोई संवाद नहीं हुआ है। आंदोलन 15 अगस्त तक शांतिपूर्ण तरीके से जारी रहेगा। इसके बाद दूसरे चरण में भूख हड़ताल और सड़क जाम जैसे कार्यक्रम किए जाएंगे।मौके पर सृष्टि कुमारी, कल्याणी कुमारी, काजल कुमारी, साक्षी कुमारी, ऋषिका राज, राधिका कुमारी, रुपाली कुमारी, मंजू कुमारी, ममता कुमारी, राखी कुमारी, संजना कुमारी, सपना कुमारी, गजल परवीन, ललिता कुमारी, किरण कुमारी, शिवा, अरमान भारती और सोनू कुमार समेत दर्जनों छात्र मौजूद थे।

## अयोग्य राशन कार्ड निरस्तीकरण की कार्रवाई जारी, डीएसओ ने किया बिचौलियों से सावधान रहने की अपील

**कोडरमा:** विभागीय निर्देश के तहत इनकम ग्रुप, ग्रॉस टर्नओवर, सरकारी नौकरी, चार पहिया वाहन सहित अन्य अयोग्य श्रेणी में आने वाले राशन कार्डों को निरस्त करने की कार्रवाई जारी है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल ने लोगों से बिचौलियों के झांसे में नहीं आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड निरस्त होने से बचाने या कार्रवाई रोकने के नाम पर यदि कोई व्यक्ति पैसे की मांग करता है तो राशि नहीं दें। ऐसे लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत सीधे जिला आपूर्ति पदाधिकारी के समक्ष की जा सकती है। राशन कार्ड से संबंधित कार्य के लिए केवल अधिकृत कार्यालय एवं अधिकारियों से संपर्क करने की अपील की गई है।

## खरीफ फसल बीमा के लिए गैर ऋणी किसान 31 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

**कोडरमा:** खरीफ 2026 के तहत बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में गैर ऋणी किसान 31 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। जिले में अगहनी धान को मुख्य तथा भदई मक्का को गौण फसल के रूप में अधिसूचित किया गया है। योजना का लाभ ऋणी एवं गैर ऋणी, भू-धारक तथा बटाईदार किसान ले सकते हैं। गैर ऋणी किसानों को आवेदन के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि स्वामित्व प्रमाण-पत्र, बटाई प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो), फसल बुआई का प्रमाण-पत्र, वंशावली एवं मोबाइल नंबर देना होगा। जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा ने बताया कि किसान झारखंड राज्य सहकारी बैंक, वाणिज्यिक बैंक, ग्रामीण बैंक, डाकघर, प्रज्ञा केंद्र या वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। बैंक खाते के सत्यापन के लिए मात्र एक रुपये की टोकन राशि ली जाएगी। धान के लिए प्रति हेक्टेयर 63,915 रुपये और मक्का के लिए 53,434 रुपये की बीमित राशि निर्धारित है।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में पुस्तकालय दिवस मनाया

उत्कल मेल संवाददाता

**कोडरमा:** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में भारत में पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. एस. आर. रंगनाथन की जयंती के अवसर पर पुस्तकालय दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती तथा डॉ. रंगनाथन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। प्रशिक्षुओं ने स्वागत गीत, भाषण और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से पुस्तकालय एवं पठन के महत्व को रेखांकित किया। पुस्तकालय दिवस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को पुरस्कृत किया गया। जुलाई माह के सर्वश्रेष्ठ हाउस के रूप में राधाकृष्णन हाउस को सम्मान मिला। शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले सूरज कुमार, अनिशा कुमारी, बबीता कुमारी, साक्षी कुमारी एवं आयुष कुमार को भी पुरस्कार व प्रमाण-पत्र दिए गए। समाजसेविका शुभा कपसीमे ने प्रशिक्षुओं को पाठ्यक्रम की पुस्तकों के साथ जीवनियों, सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक विषयों की पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया। मौके पर प्राचार्य डॉ. मोहित कुमार तिवारी , डीएलएड विभागाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, शैक्षणिक समन्वयक सौरभ शर्मा, आईक्यूएसी समन्वयक मनीष कुमार सिन्हा, डीएलएड समन्वयक खुशबू कुमारी सिन्हा, डॉ. इंद्र कुमार जायसवाल, संजीत कुमार, अनिल दास, सीताराम यादव, चुन्नु कुमार सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद थे। संचालन अंकित चंद्रा एवं ज्योति यादव ने किया।


## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**कोडरमा:** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के तत्वावधान में बुधवार को गड़गी, तेतरान एवं मधवाटांड़ पंचायत भवन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि देश के युवा सशक्त होंगे तो भारत भी सशक्त होगा। उन्होंने युवाओं को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव और इससे संबंधित कानूनों की जानकारी देते हुए कहा कि नशे के कारण अपराध, घरेलू हिंसा, सड़क दुर्घटना और आर्थिक परेशानी बढ़ती है। युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति उनके भविष्य और करियर के लिए गंभीर चिंता का विषय है। अधिवक्ता राजेंद्र मंडल ने आईटी एक्ट से संबंधित जानकारी दी, जबकि अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा ने विभिन्न कानूनों और युवाओं को सशक्त बनाने के उपायों पर प्रकाश डाला।


## उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुत्तो में शिक्षकों की कमी, शीघ्र व्यवस्था की मांग

उत्कल मेल संवाददाता

**कोडरमा:** सदर प्रखंड के चाराडीह पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुत्तो में मध्य विद्यालय स्तर के योग्य एवं विषयवार शिक्षकों की कमी का मामला सामने आया है। इसको लेकर ग्राम पुत्तो निवासी प्रकाश यादव ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आवेदन देकर आवश्यक शिक्षकों की पदस्थापना अथवा वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है।प्रकाश यादव के अनुसार विद्यालय में करीब 109 विद्यार्थी नामांकित हैं, जिनमें कक्षा सात में 16 और कक्षा आठ में 23 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। कक्षा छह से आठ तक की पढ़ाई संचालित होने के बावजूद विषयवार पर्याप्त एवं योग्य शिक्षकों की उपलब्धता नहीं होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में वर्तमान में कमला कुमारी, शशिकला, सुनीता कुमारी एवं रेणू कार्यरत हैं। वहीं, पूर्व में कार्यरत अशोक कुमार के सरकारी शिक्षक के रूप में चयन के बाद दूसरे विद्यालय में योगदान देने तथा सरजू कुमार दास के सेवानिवृत्त होने से शिक्षकों की कमी और बढ़ गई है।

प्रकाश यादव ने शिक्षा विभाग से विद्यालय की शिक्षक व्यवस्था की स्थलीय जांच कराने तथा छात्र संख्या के अनुरूप शिक्षक-छात्र अनुपात एवं स्वीकृत पदों की समीक्षा करने की मांग की है।


# क्रॉस लिमिटेड

KROSS

सीआईएनः L29100JH1991PLC004465
**पंजीकृत कार्यालयः** एम4, फेज 6, आदित्यपुर, औद्योगिक क्षेत्र, गम्हरिया, जमशेदपुर, झारखंड – 832108,
**फ़ोनः** 7280026478, **वेबसाइटः** www.krosslimited.com
**ईमेल आईडीः** investors@krossindia.com

**क्रॉस लिमिटेड की 35वीं एजीएम वीसी (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग)/ ओएवीएम (अन्य ऑडियो–विजुअल माध्यम) के द्वारा आयोजित करना**

1. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'') के लागू प्रावधानों के साथ पठित उसके तहत बनाए गए नियमों और कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य परिपत्र सं. 03/2025 दिनांक 22 सितम्बर, 2025 के साथ पठित इस विषय पर पूर्व में जारी परिपत्रों (संयुक्त रूप से एमसीए परिपत्र के रूप में संदर्भित) के अनुपालन में 35वीं एजीएम के आयोजन की सूचना ('एजीएम सूचना') में निर्धारित कामकाज को निष्पादित करने के लिए आम स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना एजीएम आयोजित करने की अनुमति अनुसार सूचना में निर्धारित सामान्य एवं विषेष कामकाज के निष्पादन के लिए क्रॉस लिमिटेड (''कंपनी'') की पैतीसवीं (35वीं) वाषक आम बैठक (''एजीएम'') बुधवार, 16 सितम्बर, 2026 को प्रातः 11.00 बजे (आईएसटी) वीडियो कॉन्फ्रेंसग (वीसी)/अन्य ऑडियो–विजुअल माध्यम (ओएवीएम) के द्वारा आयोजित की जाएगी।
2. उपर्युक्त परिपत्रों के अनुपालन में वित्तीय वर्ष 2025–26 की वाषक रिपोर्ट के साथ एजीएम की सूचना की प्रतियां उन सभी सदस्यों को भेजी जाएंगी जिनके ईमेल पते डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास पंजीकृत हैं। डीमैटरियलाइज्ड मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने ईमेल पते और मोबाइल नंबर अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के माध्यम से संबंधित डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत कराएं।
3. एजीएम की सूचना और वाषक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइटः www.krosslimited.com स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट अर्थात बीएसई (www.bseindia.com) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (www.nseindia.com) और एनएसडीएल की वेबसाइटः (https://www.evoting.nsdl.com) पर भी उपलब्ध होगी।
हालाँकि, यदि सदस्यगण चाहें तो investors@krossindia.com पर अनुरोध भेजकर कंपनी से सूचना और वाषक रिपोर्ट की भौतिक प्रति प्राप्त कर सकते हैं।
4. सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक वोटग सिस्टम के माध्यम से एजीएम की सूचना में बताए अनुसार व्यवसायों पर रिमोटली अपना वोट डालने का अवसर मिलेगा। डीमैटरियलाइज्ड मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों और जिन सदस्यों ने अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं उनके लिए रिमोटली वोटिंग का तरीका सदस्यों के लिए सूचना में प्रदान किया जाएगा।
5. सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) (तृतीय संशोधन) विनियम 2024 दिनांक 12 दिसंबर, 2024 के अनुसार, वेबलक प्रदान करने वाला एक पत्र जिसमें वाषक रिपोर्ट का पूरा विवरण उपलब्ध कराने का सही पथ शामिल होगा ऐसे शेयरधारकों को भेजा जाएगा जिन्होंने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है।
सदस्यों से अनुरोध है कि वे 35वीं एजीएम की सूचना और विषेषकर एजीएम में शामिल होने के निर्देश, रिमोट ई–वोटग और या एजीएम में इलेक्ट्रॉनिक वोटग के माध्यम से वोट डालने की प्रक्रिया को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
यह सूचना एमसीए और सेबी परिपत्रों के अनुपालन में सभी सदस्यों की जानकारी एवं हितलाभ के लिए जारी की जा रही है।

**कृते क्रॉस लिमिटेड**
**हस्ता./–**
**देबोलिना कर्माकर**
**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**
**सदस्यता सं. एसीएस62738**

**तिथिः 13.08.2026**
**स्थानः जमशेदपुर**


# खेशमी देवीपुर के सरकारी स्कूल में शिक्षा और व्यवस्था दोनों ध्वस्त, एमडीएम बंद, सिर्फ तीन बच्चे मौजूद

उत्कल मेल संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा):** सरकारी स्कूलों की बदहाली का एक और नमूना मरकच्चो प्रखंड क्षेत्र के देवीपुर खेशमी गांव में देखने को मिला। बुधवार 12 अगस्त फ,2026 को दोपहर करीब 12 बजे जब खबर मन्त्र की टीम ने नवसृजित प्राथमिक विद्यालय खेशमी(देवीपुर) का औचक निरीक्षण किया तो हकीकत चौकाने वाली निकली।

**स्कूल में सन्नाटा, रसोई घर में लटका ताला, एमडीएम भी बंद:** विद्यालय पहुंचने पर परिसर में सन्नाटा पसरा हुआ था। विद्यालय में 3 बच्चे ही उपस्थित पाए गए। सबसे बड़ी बात यह कि स्कूल में मध्याहन भोजन भी नहीं बन रहा था। रसोई घर में ताला लटका हुआ था और रसोइया भी अनुपस्थित थी। 12:07 बजे ली गई तस्वीर में भी स्कूल का बरामदा और मैदान पूरी तरह खाली दिख रहा है।

**हाजिरी रजिस्टर में भी गड़बड़ी:** 11 अगस्त



और 12 अगस्त की तिथि में बच्चों की हाजिरी ही नहीं बनाई गई थी। इतना ही नहीं, रजिस्टर में बच्चों के नाम तक अंकित नहीं थे। इससे साफ जाहिर होता है कि विद्यालय में नियमित रूप से पठन-पाठन नहीं हो रहा है और सरकारी योजनाओं का लाभ बच्चों तक नहीं पहुंच रहा। **ग्रामीणों में आक्रोश, व्यवस्था पर उठे सवाल:** स्थानीय लोगों के अनुसार विद्यालय में बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करने की जिम्मेदारी विद्यालय प्रबंधन की है। लेकिन बुधवार को विद्यालय में बच्चों की अनुपस्थिति तथा मध्यान भोजन का संचालन नहीं होने से सरकारी व्यवस्था की निगरानी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल में आए दिन शिक्षक समय पर नहीं आते हैं और बच्चों को पढ़ाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। एमडीएम बंद रहने से गरीब बच्चे भी स्कूल आने से कतराते हैं।ग्रामीणों का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो हमारे बच्चे अनपढ़ ही रह जाएंगे। रसोई घर में हमेशा ताला लटका रहता है।

**एमडीएम योजना कागजों तक सीमितः** ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ भी मिलना चाहिए। विद्यालय में मध्यान भोजन योजना का उद्देश्य बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के साथ उन्हें पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। ऐसे में भोजन नहीं बनने से योजना के क्रियान्वयन पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है।यह मामला सरकार की सबको शिक्षा, सबको भोजन योजना पर भी सवाल खड़े करता है। एक तरफ सरकार डिजिटल हाजिरी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ धरातल पर स्कूलों में ना छात्र और ना ही भोजन। रसोई घर में ताला लटका होना इस बात का प्रमाण है कि एमडीएम योजना सिर्फ कागजों तक सीमित है।

इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी(डीएसई) से बात होने पर उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। दोषियों पर कार्रवाई होगी।ग्रामीणों और अभिभावकों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी और डीसी कोडरमा से मामले की जांच कर दोषी शिक्षकों और कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही विद्यालय में बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा मध्यान भोजन योजना का नियमित संचालन कराने की मांग की है।